कब मिलेगा लाभ — एक-दूसरे के कंधे पर डाल रहे जिम्मेदारी, नहीं पहुंच पाई एमआरआई मशीन

# एमआरआई मशीन बिजली आपूर्ति के पेंच में फंस गई

**शासन के निर्देश पर हर जिला अस्पताल में लगनी हैं एमआरआई मशीन**

**अभी जिला अस्पताल सुविधा से है वंचित**



**नवभारत, जबलपुर।** सरकार के पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड के तहत जिला अस्पताल विक्टोरिया की निर्माणाधीन नई बिल्डिंग में लगने वाली एमआरआई मशीन बिजली आपूर्ति के पेंच में फंस गई है। ये मशीन जबलपुर कब आएगी, कब इसका इस्तेमाल शुरू होगा और मरीजों को कब सरकार की सुविधा का लाभ मिलेगा, इन सारे सवालों के जवाब फिलहाल अभी स्पष्ट होते नहीं दिख रहे हैं। बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मामले में स्पष्ट कह रहे हैं कि बिजली के लोड सेंक्शन के लिए अभी तक किसी ने भी ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है तो वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल विक्टोरिया के जिम्मेदार अधिकारी ने पूरी जिम्मेदारी कृष्णा डॉयनोस्टिक्स लिमिटेड के कंधों पर डाल दी है। नतीजा अभी भी विक्टोरिया अस्पताल में एमआरआई मशीन नहीं पहुंच सकी है। जबकि तय समय सीमा के अनुसार नवंबर माह तक इस मशीन को अस्पताल में शुरू हो जाना था। ऐसे में ये प्रतीत हो रहा है मानो सभी जिम्मेदार खुद ही नहीं चाह रहे कि ये सुविधा जल्द जिला अस्पताल में शुरू हो। जानकारों का कहना है कि विक्टोरिया में मशीन लगने से यहां आने वाले मरीजों को एमआरआई के लिए मेडिकल या निजी सेंटर नहीं जाना पड़ेगा।

### पहले बिजली व्यवस्था होना जरूरी

जानकारी के अनुसार पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड के तहत भोपाल से सरकार द्वारा निर्देश जारी हुए हैं कि प्रदेश के हर जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन लगाई जाए। इस निर्देश के तहत कृष्णा डॉयनोस्टिक्स लिमिटेड विक्टोरिया अस्पताल में एमआरआई मशीन लगा रही है। एमआरआई मशीन तक तब विक्टोरिया अस्पताल में नहीं आ सकती जब तक यहां बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो जाती। बिजली की व्यवस्था होने के बाद पहले जिला अस्पताल विक्टोरिया में एमआरआई मशीन की मैगनेट आएगी और फिर उसके करीब 8 दिन बाद पूरी मशीन आएगी। सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी ने स्पष्ट किया कि कृष्णा डॉयनोस्टिक्स लिमिटेड को पहले बिजली की पर्याप्त व्यवस्था मिल जाती तो ये मशीन नवंबर माह में इंस्टाल होकर शुरू हो जाती।

### 15 से 20 दिन और लगेंगे

सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने नवभारत को बताया कि 15 से 20 दिन अभी मशीन आने में और लगेंगे ,इसके बाद बिजली विभाग को एक सब स्टेशन भी बनाना पड़ेगा जिसके बाद व्यवस्थित तरीके से बिजली आपूर्ति पूरी की जाएगी और मशीन का इस्तेमाल शुरू कर दिया जाएगा।

### इनका कहना है

विक्टोरिया अस्पताल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में एमआरआई मशीन लगाने के लिए कृष्णा डॉयनोस्टिक्स लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। कंपनी को नवंबर माह तक अस्पताल में एमआरआई मशीन पर्याप्त बिजली आपूर्ति के साथ शुरू कर देनी थी लेकिन अभी बिजली के लोड की समस्या सामने आ रही है। कंपनी के जिम्मेदारों से बात करके आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**डॉ. नवीन कोठारी, सिविल सर्जन, जबलपुर**

जिला अस्पताल विक्टोरिया में एमआरआई मशीन लगने में बिजली सप्लाई के लोडकी स्वीकृति के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है जो कि अभी तक किसी ने भी नहीं किया है। ऑनलाइन आवेदन के बाद 16 हजार 800 रुपए की फीस कटती है फिर बिजली सप्लाई के लोड की प्रोसेस शुरू कर दी जाती है।

**संजय अरोरा, एसई सिटी सर्किल एमपीबीईबी**

# प्रमोशन में आरक्षण मामले की सुनवाई जारी

**आज भी आरक्षण मामले में होगी सुनवाई**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष गुरुवार को मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के संबंधित न्यायदृष्टांत रेखांकित करते हुए अपनी दलीलें पेश की गई। बहस पूरी न होने के कारण शुक्रवार को सुनवाई जारी रखने की व्यवस्था दे दी गई। याचिकाकर्ताओं की बहस पूरी होने के बाद इस प्रकरण में राज्य शासन की ओर तर्क प्रस्तुत किए जाएंगे।


उल्लेखनीय है कि भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाईकोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए। मामले की सुनवाई दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि जरनैल सिंह के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने एम नागराज केस के निर्णय का पुनर्मूल्यांकन किया था। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आक्षरण का समुचित लाभ तय करने के लिए उच्च पदों पर पहुंचे अधिकारियों का डेटा आवश्यक है। जब तक क्रीमीलेयर के वास्तविक आंकड़े नहीं जुटाए जाते, तब तक यह पता करना कठिन है कि पिछड़े वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है या नहीं। जिस कारण प्रमोशन में आरक्षण देने से पहले सरकार को यह साबित करना होगा कि संबंधित वर्गों का प्रतिनिधित्व कम है। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि मप्र शासन ने प्रमोशन में आरक्षण लागू करने से पूर्व यह डेटा एकत्र नहीं किया था। पिछड़े वर्गों की स्थिति, प्रतिनिधित्व और क्रीमी लेयर का आकलन नहीं किया गया था। वर्ष 2025 का यह नया नियम संविधान के अनुच्छेद.14 और 16-1 के विरुद्ध है।

### रिटायर्ड जजों को नहीं देना होगा लाइफ सर्टिफिकेट

मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों से सेवानिवृत्त जजों के हक में राहतकारी आदेश पारित किया है। इसके तहत अब उन्हें लाइफ सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने की औपचारिकता से निजात मिल गई है। पूर्व में उन्हें प्रतिवर्ष नवंबर माह में भत्तों के भुगतान के लिए लाइफ सर्टिफिकेट देना पड़ता था। हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया। जिसमें अवगत कराया गया कि इस सिलसिले में जारी परिपत्र को वापस ले लिया गया है। सरकार के जवाब को अभिलेख पर लेकर हाईकोर्ट लाइफ सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं का निराकरण कर दिया। दरअसल, फार्मर जजेस वेलफेयर एसोसिएशन इन्दौर के महासचिव गुलाब शर्मा और जेपी राव की ओर से दायर याचिकाओं में कहा गया था कि प्रदेश की निचली अदालतों से रिटायर होने वाले जजों को प्रदेश सरकार मेडिकल व घरेलू भत्तों का भुगतान करती है।

# बीईओ कार्यालय का बाबू रिश्वत लेते पकड़ाया

**वेतन व वेतन वृद्धि लगाने शिक्षक से मांगी थी 1500 की घूस**



**जबलपुर।** बीईओ कार्यालय में पदस्थ बाबू को लोकायुक्त ने शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने दबिश देकर वेतन व वेतन वृद्धि लगाने पन्द्रह सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा?। शिक्षा विभाग के रिश्वतखोर बाबू के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया गया है। अचानक हुई कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। लोकायुक्त एसपी अंजना पटले ने बताया कि नन्हे सिंह धुर्वे पिता सहदेव सिंह धुर्वे 45 वर्ष, निवासी बरगी ने लोकायुक्त में शिकायत कर बताया था कि वह पिपरिया जबलपुर में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है उसका ट्रांसफर जून 2025 में बालाघाट से जबलपुर हुआ था। ट्रांसफर के उपरांत वेतन एवं वेतन वृद्धि नहीं लगी थी जिस कारण वेतन व वेतन वृद्धि लगाने के लिए बीईओ कार्यालय जबलपुर में शशि कांत मिश्रा सहायक ग्रेड 2 से मिला आरोपी ने वेतन एवं वेतन वृद्धि लगाने के लिए रिश्वत की मांग की थी।

### जाल बिछाया और रंगे हाथों पकड़ा

शिकायत सत्यापन लोकायुक्त ने जाल बिछाया और योजना के तहत नन्हे सिंह धुर्वे को रिश्वत की रकम के भेजा ।शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने जैसे ही सहायक ग्रेड 2 शशिकांत मिश्रा पिता स्व. शिव प्रसाद मिश्रा 54 वर्ष ने 1500 रिश्वत ली वैसे ही उसे ट्रेप दल प्रभारी राहुल गजभिए, ट्रेपकर्ता बृजमोहन सिंह नरवरिया निरीक्षक जितेंद्र यादव ने टीम के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

# 19 लाख लूटने वालों को नहीं ढूंढ पा रही 8 टीमें

**कृषि उपज मण्डी में नीलामी खरीदी-ब्रिकी रही बंद व्यापारियों में आक्रोश**



**जबलपुर।** विजय नगर थाना अंतर्गत कृषि उपज मंडी में हुई 19 लाख की लूट के विरोध में मण्डी में गुरुवार को नीलामी, खरीदी-ब्रिकी बंद कर दी गई। आक्रोशित व्यापारी आरोपियों की गिरफ्तारी, सुरक्षा की मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं लुटेरों की तलाश में 8 टीमें लगी हुई है लेकिन अब तक पुलिस को ऐसा कोई सुराग नहीं लग सका जिसके सहारे लुटेरों तक पहुंचा जा सके। हालांकि पुलिस का दावा है कि संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। विदित हो कि विजय नगर थाने में विकास साहू 36 वर्ष निवासी खाई मोहल्ला हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि बुधवार दोपहर लगभग 02.45 बजे कृषि उपज मंडी स्थित फर्म की दुकान में उसके मालिक द्वारा उसे 19 लाख रूपये का एच डी एफ सी बैंक शाखा विजयनगर का चैक बैंक से नगद राशि लेकर आने के लिये दिया था। नगद राशि लेने लिये अपने सेठ की स्कूटी प्लेजर क्र. एमपी 20 एस एच 1544 से एच पी कंपनी के लेपटाप बैग लेकर बैंक के लिये निकला था। बैक पहुंचा चैक सेल्फ था बैक में कैशियर को चैक देकर नगद राशि 19 लाख रुपये प्राप्त किया। इसके बाद कृषि उपज मंडी गेट नंबर 01 की तरफ आ रहा था जैसे ही दोपहर करीब 03.30 बजे से 03.45 बजे की बीच मनीष हार्डवेयर की दुकान के पीछे वाली रोड पर पहुंचा तभी वहां पर एक कार के बाजू से एक अज्ञात व्यक्ति मास्क पहने हुये निकला और उसके सिर में पीछे से राड मारा जिससे वह वहीं पर गिर गया बैग जिसमें नगद 19 लाख रुपये रखे थे को स्कूटी के हुक से निकालकर गेट नंबर 01 की ओर कुछ दूर भागकर अपने एक साथी जो स्कूटी लिया हुआ था में बैठ कर भाग गये थे।

### दोपहर बाद निर्णय आज से मंडी चालू

कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव ने बताया कि कृषि उपज मण्डी समिति में नीलामी का काम आगामी सूचना तक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था जब तक कि लूट के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ जाते। तब तक बंद का निर्माण लिया गया था ।गुरुवार को मंडी परिसर में व्यापारी संघ के अध्यक्ष के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने बैठक की। व्यपारियों ने मंडी प्रांगण की सुरक्षा और पुलिस चौकी खोलने की मांग की। हरसंभव प्रयास का आश्वासन मिलने पर दौपहर तीन बजे के बाद निर्णय लिया गया कि आज से मंडी चालू रहेगी।

### इन बिंदुओं पर जांच

क्राइम ब्रांच, सायबर समेत कई थानों की पुलिस जुटी है। सीसीटीवी खंगालने के साथ लोकेशन पर काम किया जा रहा है साथ ही आसपास के लोगों, संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। वारदात को किसने अंजाम दिया है।

### इनका कहना है

पुलिस की आठ टीमें लगी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश चल रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्तार में होंगे।

**बी.एस. गोठरिया**
**नगर पुलिस अधीक्षक**
**माढ़ोताल**

# कार्य में लापरवाही, सात दिन का वेतन काटने दिए निर्देश

**कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का लिया जायजा, दिए निर्देश**



**नवभारत, जबलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने डिजिटाइजेशन के कार्य में लापरवाही बरतने पर नगर निगम के एक कर्मचारी और एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर नगर निगम के दमोह नाका, बलदेवबाग और नगर निगम मुख्यालय के समीप स्थित संभागीय कार्यालय पहुँचकर एसआईआर के तहत मतदाताओं द्वारा भरकर वापस किये गये गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया। गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन के कार्य के निरीक्षण के दौरान विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी भी मौजूद थे।

### कलेक्टर पहुंचे भेड़ाघाट लिया जायजा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने भेड़ाघाट क्षेत्र का दौरा कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया। इसके साथ ही, उन्होंने मतदाता सूची संबंधी डेटा के डिजिटाइजेशन कार्य की वर्तमान स्थिति और उसकी गुणवत्ता के विषय में विस्तृत जानकारी ली।

### कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ कर धमकाता है शोहदा

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत वार्ड नं. 03 कंकाली मोहल्ला में रहने वाली कॉलेज छात्रा का पीछा कर शोहदा छेड़छाड़ कर धमकाता है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं. 03 कंकाली मोहल्ला थाना सिहोरा में रहने वाली 20 वर्ष युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीएससी सेकेन्ड ईयर में पढती है। कॉलेज से आते समय बस स्टैंड सिहोरा में आंगनवाडी के पास मोहल्ले का शिवा बर्मन पिता राजकुमार बर्मन बुरी नीयत से हाथ पकड कर बात करने का दबाव बनाता है।

# 1.25 लाख हड़पे, अधिवक्ता को धमकाया

**जबलपुर ।** बेलबाग थाना अंतर्गत गौतम नगर में रहने वाले अधिवक्ता के 1 लाख 25 हजार रुपए हड़पने के बाद आरोपी धमका रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अधिवक्ता गम्भीर सिंह पिता स्वं भीमसिंह 50 वर्ष निवासी गौतम नगर काली मंदिर के सामने बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके द्वारा रामप्रसाद तिवारी के सीलिंग प्रकरण में कई मुकदमे प्रस्तुत किए उक्त प्रकरण की फीस टीनु तिवारी ने उसको दिया था रमन मिश्रा ने 300000 दिए थे जिसके बाद रमन मिश्रा ऑफिस आया ओर बोला कोई केस नहीं कराना हमारी दी गई फीस वापिस कर दो तो रामन मिश्रा को डीसीबी बैंक चेक राशि 3,00,000 का चेक दिया। टीनु तिवारी जिससे रमन मिश्रा की रिश्तेदारी है मैंने टीनु तिवारी को डीसीबी बैंक का 1,00,000 का चेक रामप्रसाद तिवारी के नाम का दिया था मैने रमन मिश्रा और टीनु तिवारी और रामप्रसाद तिवारी को पूरी फीस वापिस कर दी थी। रमन मिश्रा ने उससे 1,25,000रूपये लिया डॉक्टर श्रीवास्तव के जमीन का अनुबंध किया। टीनु तिवारी जिससे रमन मिश्रा की रिश्तेदारी है मैंने टीनु तिवारी को डीसीबी बैंक का 1,00,000 का चेक रामप्रसाद तिवारी के नाम का दिया था मैने रमन मिश्रा और टीनु तिवारी और रामप्रसाद तिवारी को पूरी फीस वापिस कर दी थी। टीनु तिवारी के साथ ऑफिस आकर उसे धमकाता है।



# हाई अलर्ट के मद्देनजर चलाया गया अभियान

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के संयुक्त चेकिंग अभियान के तहत बुधवार को जबलपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग कार्यालय, प्लेटफॉर्म प्रतीक्षालय, पार्सल यार्ड, पार्किंग एरिया, स्टेशन आउटर पर महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल राजीव कुमार यादव, उप महानिरीक्षक रजनीश कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति एवं निर्देशन में सघन गस्त व चेकिंग की गई।

### पति ने पत्नी पर किया हँसिया से वार

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत बघेली में पति ने पत्नी पर हँसिया से वार कर लहुलूहान कर दिया ।पुलिस ने बताया कि मनो पटेल निवासी ग्राम बघेली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति नरेन्द्र पटेल शराब पीकर घर आये और हँसिया उठाकर हमला कर सिर में चोट पहुंचा दी। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए एम्बूलेन्स से पनागर सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# घर में घुसकर चोरी करने वाला नरसिंहपुर का आरोपी पकडाया

**जबलपुर।** चरगवॉ थाना अंतर्गत ग्राम मिरगा में घर में घुसकर चोरी करने वाला नरसिंहपुर के आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जबकि उसके साथियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि राहुल पटेल 24 वर्ष निवासी मिरगा ने सूचना दी कि सुबह 10-30 बजे पत्नि अर्चना के साथ बेटे का इलाज कराने घर मे ताला लगाकर जबलपुर गया था। दोपहर 2 बजे घर आया तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा था तथा 2 लोग घर मे घुसकर चोरी कर रहे थे उसे देखकर घर मे रखा जेवर का डिब्बा लेकर दो लोग घर से निकलकर भागने लगे उसने दोनो को पकडने का प्रयास करते हुये एक लडके को उसने पकड लिया तथा दूसरा लडका जेवरों वाला स्टील का डिब्बा लेकर भागा, कुछ दूरी पर पल्सर मोटर सायकिल लिये खडे लडके के साथ मोटर सायकिल में बैठकर भाग गया, दो लोग भागने मे सफल हो गये, घर के अंदर जाकर चैक किया सोने चांदी के जेवरों का डिब्बा जिसमे सोने के 3 लाकेट, चांदी का कड्डोरा, 2 जोड बिछिया, 2 बच्चों के कड्डोरा, एवं नगदी रूपये तथा चांदी की मूर्ति एवं 1 मोबाईल गायब था। आरोपी विनय चक्रवर्ती उर्फ विनोद 23 वर्ष निवासी गोटेगॉव नरसिंहपुर को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर अपने दोस्त गोल्डी उर्फ निशांत ठाकुर एवं शुभम ठाकुर दोनों निवासी गोटेगॉव नरसिंहपुर के साथ मिलकर रैकी करते हुये सूना मकान पाकर मकान का ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार करते हुये चुराये हुये जेवर साथियो के पास होना बताया।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**पुलिस ने मामले की जांच शुरू की**


**जबलपुर ।** पनागर थाना अंतर्गत भरदा पडरिया स्थित तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को जितेन्द्र पटेल 22 वर्ष निवासी भरदा पडरिया पनागर ने सूचना दी कि उसका भाई धर्मेन्द्र पटेल 19 वर्ष सुबह 9 बजे काम पर जाने के लिये घर से निकला था लगभग 10 बजे जानकारी लगी कि उसका भाई गॉव में तालाब मे डूब गया है। उसके भाई धर्मेन्द्र पटेल को पूर्व में मिर्गी के दौरे आते थे। तालाब के पानी में डूबने से भाई धर्मेन्द्र की मौत हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पानी से निकलवाते हुये पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

सौगात — लोक निर्माण मंत्री ने किया पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ

# पर्यटन स्थलों तक पहुंचना अब हुआ ज्यादा आसान








**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुरुवार को भेडाघाट में आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर से पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ किया। प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं में निरंतर विस्तार की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शुरू की गई पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा से जबलपुर से कान्हा, बांधवगढ़, अमरकंटक जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुँचना अब ज्यादा आसान होगा। पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा की शुभारंभ के अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी एवं नीरज सिंह, नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा के जबलपुर महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सुभाष तिवारी रानू भी मौजूद थे। कार्यक्रम के पहले पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ करने भेडाघाट स्थित हेलीपेड पहुँचने पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्वागत किया।

### डुमना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का हुआ स्वागत



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गुरुवार की दोपहर डुमना विमानतल पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का दोपहर करीब 2.50 बजे पटना से वायुयान द्वारा ट्रांजिट विजिट पर डुमना आगमन हुआ। विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का स्वागत विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज एवं सोनू बचवानी ने किया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव डुमना विमानतल पर कुछ देर रुकने के बाद हेलीकॉप्टर द्वारा नरसिंहपुर जिले के डमरूघाटी स्थित हेलीपेड के लिये रवाना हुये, जहाँ से वे कार द्वारा बोहानी जाएंगे।

### अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत कुसनेर बायपास में अज्ञात वाहन ने ट्रक चालक को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को काशीराम कचेर 41 वर्ष निवासी पनागर कुसनेर ने सूचना दी कि उसका भाई सोनेलाल कचेर 46 वर्ष ड्राईवरी का काम करता है। भाई ट्रक लेकर एचपी गैस एजेन्सी से गैस सिलेण्डर लोड करने जबलपुर जा रहा था रात 2-30 बजे बायपास कुसनेर में किसी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दिया।


नवभारत

**आवश्यकता है**

देश के अनेक स्थानों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

एकाउंटेंट :- ( 5 वर्षों के अनुभवी को प्राथमिकता)
बिलिंग ऑपरेटर :- ( एमआईएस )
महिला + पुरुष रिपोर्टर :- (2 वर्ष के अनुभवी को प्राथमिकता )
कंप्यूटर ऑपरेटर :- ( कोरल ड्रा अनिवार्य )
संपर्क करें :- कार्यालय नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
( दोपहर - 12 से शाम 8 बजे तक )
E mail - navbharatjabalpur@gmail.com



**भवन निर्माण**
₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करे — कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57